तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 अप्रैल 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 साहू समाज प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है : साय



12 टुल्लू पंप लगाकर पानी खींचने वालों पर कार्रवाई, 12 टूल्लू पंप किए ...



## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर कल

**धमतरी।** महावीर जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जैन संघटना जिला शाखा धमतरी द्वारा 3 अप्रैल बुधवार को जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। रक्तदान के लिए इच्छुक रक्तदाता कुशल चोपड़ा, आकाश कटारिया, सूर्या लुंकड़ व राखी राखेचा से संपर्क कर सकते हैं। जिला शाखा ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने सभी से निवेदन किया है।



### सलोनी के पूर्व सरपंच ने की देहदान की घोषणा

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम सलोनी के पूर्व सरपंच तुकाराम साहू ने मृत्यु के बाद अपना शरीर रचना विज्ञान विभाग पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर को दान करने की घोषणा की है। उन्होंने अपनी वसीयतनामा में लिखा है कि चाहे वह मेरा उत्तराधिकारी या रिश्तेदार हो मृत्यु के पश्चात उनका मृत शरीर एनाटॉमी विभाग को दिए जाने पर किसी को भी आपत्ति करने का अधिकार नहीं होगा। बड़े पुत्र मिलनराम साहू की संपूर्ण जिम्मेदारी होगी कि मेरी मृत्यु के पश्चात इसकी सूचना चिकित्सा महाविद्यालय एनाटॉमी विभाग के अधिकारियों को दें। ज्ञात हो कि तुकाराम साहू पूर्व में सरपंच रहकर जन सेवा कर चुका है और अभी भी समाज की सेवा में लीन है। जनसेवा एवं समाज सेवा उन्हें विरासत में मिली है। तुकाराम साहू के पिता स्वर्गीय जोहन राम साहू भी समाज की सेवा करते हुए गरीबों को मुफ्त में अन्न देता था।



### ट्रक की चपेट में आने से राहगीर की मौत

**धमतरी।** तेज रफ्तार ट्रक ने एक राहगीर को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में राहगीर की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम तेलीनसत्ती में सोमवार की दोपहर भखारा रोड से गुजर रहे तेज रफ्तार ट्रक ने एक अज्ञात राहगीर को चपेट में ले लिया। हादसे में राहगीर के दोनों पैर बुरी तरह से कुचला गए। सूचना पर अर्जुनी पुलिस घटनास्थल पहुंची और घायल को उपचार के लिए संजीवनी 108 की मदद से जिला अस्पताल रवाना किया। डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की फिलहाल पहचान नहीं हो पाई है। उसकी उम्र 40 से 45 साल है। मृतक को ग्राम रांवा का निवासी बताया जा रहा है।



### चना, सरसों, गेहूं जैसी उपज की अवैध तरीके से हो रही खरीदी-बिक्री

# पचपन हजार एकड़ में दलहन-तिलहन की फसल, मंडी में नहीं पहुंचा एक बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में दलहन-तिलहन का उत्पादन अवैध ढंग से व्यापारियों और मिलों में पहुंच रहा है। कृषि उपज मंडी में खरीदी-बिक्री की सुविधा होने के बाद भी एक बीज दलहन-तिलहन नहीं पहुंचा है। बिना सौदा पत्रक के ही कोचियों और दलालों के माध्यम से किसान व्यापारियों को अपनी उपज बेच रहे हैं।

किसान की फसल की खरीदी-बिक्री कृषि उपज मंडी के माध्यम से पुख्ता लिखा-पढ़ी के साथ होती है। इसकी अवहेलना कर बिना लिखा पढ़ी के ही दलहन-तिलहन उपज की खरीदी-बिक्री हो रही है। इसमें कोचिया और दलालों की अहम भूमिका है। किसानों से उपज खरीद कर वे व्यापारियों को बेच रहे हैं। स्थिति देखें तो जिले में 55 हजार एकड़ में दलहन-तिलहन की फसल लगी थी। अंतिम वक्त में मौसम खराब रहा। इसके बाद भी उत्पादन अच्छा हुआ है, लेकिन इसमें से एक बीज भी मंडी में बिकने के लिए नहीं पहुंचा है। उधर मंडी प्रशासन ने दलहन-तिलहन की खरीदी के लिए मंडी प्रांगण में पर्याप्त व्यवस्था कर रखी है। इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। यही नहीं व्यापारियों को मंडी प्रांगण में खरीदी करने के लिए नोटिस भी जारी किया गया है। इसके बावजूद व्यापारी सीधे कोचियों और किसानों से उपज खरीद रहे हैं। दलहन-तिलहन की उपज लेकर न तो एक किसान मंडी पहुंचा है और न ही व्यापारी।



#### 46 हजार एकड़ में दलहन, 8 हजार एकड़ में तिलहन

उन्हारी फसल की स्थिति देखें तो 46 हजार एकड़ में दलहन की फसल लगी थी। इसमें से 23 हजार एकड़ में तो केवल तिवड़ा की फसल लगी थी। 19 हजार एकड़ में चना की फसल लगी थी। इसके अतिरिक्त मटर, कुल्थी, मसूर, उड़द, मूंग भी लगाई गई थी। अनाज में करीब 3 हजार एकड़ में गेहूं की फसल लगी थी। तिलहन की फसल 8 हजार एकड़ से ज्यादा में ली गई। जिसमें मुख्य रूप से सरसों की फसल है। इस साल इन सभी फसलों में उत्पादन संतोषप्रद हुआ है।

#### सोमवार को मंडी में 163 कट्टा धान बिका

होली त्योहार के एक सप्ताह बाद मंडी में खरीदी-बिक्री शुरू हुई, इसके बाद भी धान की आवक काफी कमजोर है। अधिकांश किसान ज्यादातर उपज समर्थन मूल्य पर बेच चुके हैं। कुछ किसानों ने थोड़ी-बहुत उपज बचा रखी है। वे मूल्य बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन अब तक धान के मूल्य में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। अब तो नई फसल भी आने वाली है। ऐसे में मूल्य वृद्धि की उम्मीद भी कम है। सोमवार को मंडी में धान की स्थिति देखें तो मात्र 163 कट्टा धान बिका जिसे सूर्या राइस मिल ने खरीदा। जानकारी के अनुसार सांभा 2475 रुपए प्रति क्विंटल, गोल्डन सांभा 2331, सरोना 2100 और ओमश्री 2650 रुपए प्रति क्विंटल में बिका।

#### तो होगी कार्रवाई

दलहन-तिलहन सहित अन्य उपज को मंडी में बेचने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। व्यापारियों को नोटिस भी भेजा गया है कि वे मंडी में खरीदी करें। किसानों को भी चाहिए कि वे मंडी में ही अपनी उपज बेचें। मंडी से बाहर अवैध रूप से उपज की खरीदी-बिक्री रोकने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। यदि अवैध रूप से खरीदी-बिक्री का मामला मिलता है तो उपज जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

- अजय शर्मा, *मंडी सचिव धमतरी*

# महानदी किनारे के गांवों में रेत का अवैध भंडारण



- खनिज विभाग ने नारी के रेत डंप में की कार्रवाई, 4 हाइवा सहित जेसीबी, ट्रेक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लगातार कार्रवाई के बावजूद जिले में रेत का काला कारोबार बेधड़क जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को रेत का अवैध भंडारण का मामला दर्ज कर हाइवा, ट्रेक्टर, जेसीबी वाहनों को जब्त किया गया है।

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को ग्राम नारी की रेत खदान में अवैध माईनिंग की जांच की गई, जिसमें नारी खदान के पास स्थित अनुमति प्राप्त भंडारण में करीब 40 हाइवा रेत पाई गई। भंडारण मालिक के पास भंडारित रेत का पिटपास नहीं पाया गया। ग्रामीणों के अनुसार निकट खदान से अवैध माइनिंग कर रेत डंप किया जा रहा है। रेत भंडारण अनुज्ञाधारी मोहन लाल से पूछताछ करने पर बताया कि नारी खदान से रेत भंडारण किया जा रहा है जिसकी रायल्टी उसके पास नहीं है।

#### जब्त वाहन सचिव एवं सरपंच के सुपुर्द

अवैध माईनिंग की कार्रवाई नायब तहसीलदार कुरूद, माईनिंग निरीक्षक तथा हल्का पटवारी द्वारा की गई है। हाइवा क्रमांक सीजी 07 बीक्यू 6816, सीजी 07 सीआर 5901, सीजी 07 सीपी 9688, सीजी 04 पीए 3864। ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 05 एके 1768 तथा जेसीबी क्रमांक सीजी 05 एपी 7932 को जब्त कर ग्राम सचिव एवं सरपंच की सुपुर्दगी की गई है। यह माईनिंग विभाग की अग्रिम कार्रवाई के अधीन रहेगा। कार्रवाई के दौरान ग्राम सरपंच जगत पाल, महेन्द्र पाल, भुनेश्वर निषाद, राकेश कुमार रात्रे मौजूद थे। ग्रामीणों ने नदी किनारे आसपास के गांव कोकड़ी, संकरी आदि में रात भर अवैध भंडारण किए जाने की शिकायत की है।

## सोमवार को बैंक रहे बंद, लोग होते रहे परेशान






सूचना
आज दिनांक 01/04/2024 दिन सोमवार बैंको की वार्षिक लेखाबंदी के कारण बैंक में लेन देन बंद रहेगा।
धन्यवाद

**धमतरी।** मार्च क्लोजिंग के चलते सोमवार को सभी बैंक में लेनदेन बंद रहा। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बैंकों के सर्वर क्लोजिंग में व्यस्त रहे। सभी बैंकों द्वारा पहले से ही लेनदेन बंद रहने की सूचना जारी कर दी गई थी। लीड बैंक अधिकारी सत्यप्रकाश ने बताया कि मार्च क्लोजिंग का काम निबटाने के बाद सभी बैंक की शाखाओं में लेनदेन शुरू कर दिया जाएगा।

# देशी-विदेशी शराब के दाम में हुई बढ़ोतरी

- देशी मसाला दारू में राहत, सुबह 10 से रात 10 बजे तक खुलेंगी मदिरा दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सोमवार से शराब के दाम में वृद्धि हो गई है। शराब के क्वाटर में 10 रूपए से लेकर बोतल में 300 रुपए तक कीमत बढ़ाई गई है। राहत की बात यह है कि मजदूर वर्ग में सबसे ज्यादा डिमांड वाली मसाला शराब के दाम जस के तस है। पियक्कड़ों का कहना है कि शराब के दाम में 10-20 रुपए की वृद्धि से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। वहीं सुबह 9 से रात 10 बजे तक संचालित होने वाली मदिरा दुकानें अब सुबह 10 से रात 10 बजे तक चलेंगी।



छत्तीसगढ़ शासन के आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए देशी-विदेशी शराब के दाम निर्धारण कर दिए हैं। देशी शराब में मसाला दारू को छोड़ अन्य सभी शराब में क्वाटर में 10 रुपए से लेकर बोतल में 300 रुपए तक दाम में बढ़ोतरी कर दी गई है। ज्ञात हो कि जिले में कुल 27 मदिरा दुकानें संचालित हैं जिसमें 2 देशी, 15 देशी कम्पोजिट तथा 10 विदेशी मदिरा दुकानें हैं। शासन द्वारा संचालित मदिरा दुकानों में 1 अप्रैल से शराब की नई दर लागू हो गई है।

हटकेशर स्थित देशी शराब दुकान के सेल्समेन ने बताया कि देशी शराब प्लेन का पौवा 80 रुपये तथा बोतल 320 रूपए थी। सोमवार से प्लेन का पौवा 90 रुपये तथा बोतल 360 रुपये हो गई है। देशी मसाला दारू में किसी प्रकार की कीमत नहीं बढ़ाई गई है। पूर्व में इसका क्वाटर 110 रुपए तथा बोतल 440 रुपए थी, वह अब भी बरकरार है।

#### जानीवॉकर रेडलेबल सबसे ज्यादा महंगा

प्राप्त जानकारी के अनुसार विदेशी मदिरा की ब्रांडेड शराब जानीवॉकर रेड लेबल की बोतल 1900 से बढ़ाकर 2760 रुपए की गई है। जबकि विदेशी मदिरा में सबसे सस्ती शराब गोवा का क्वाटर 120 रुपए से 130 रुपए, नंबर वन की बोतल 710 से 840, आरसी 880 से 1040, सिग्नेचर 1100 से 1280, अमरीकन प्राइड 1300 से 1440, ब्लैक एण्ड व्हाइट 1840 से 2040, ब्लैक डॉग 1800 से 2000 रुपये, नंबर वन का क्वाटर 200 से 210, आरसी का क्वाटर 230 से 260, सिग्नेचर के दाम 300 से 320 रुपये किए गए हैं।

# छत्तीसगढ़ की सभी सीट जीतेंगे : नितिन नबीन

- भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने चार विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 10 साल में जो काम किए हैं, उससे पूरे देश में भाजपा के पक्ष में माहौल है। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर जीत हासिल करेंगे।

लोकसभा चुनाव में मतदान से पूर्व धमतरी, कुरूद, राजिम, बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक सोमवार को धमतरी के जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा शामिल हुए। वे कोंडागांव से हेलिकाप्टर के माध्यम से रुद्री पुलिस ग्राउंड हेलीपेड पहुंचे, जहां पर भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया। भाजपा कार्यालय में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, धमतरी पूर्व विधायक रंजना साहू, प्रीतेश गांधी, कविंद्र जैन, विजय मोटवानी आदि ने स्वागत किया।



नितिन नबीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा पूरी तरह से तैयार है। बूथ, शक्ति केन्द्र, मंडल के कार्यकर्ता झंडा लगाने के लिए निकल गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी वर्ग के हित में कार्य किया है। चाहे आयुष्मान कार्ड हो या राशन वितरण हो। सभी को लाभ मिल रहा है। इसका सार्थक परिणाम लोकसभा चुनाव में आएगा। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर भाजपा का कब्जा होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी से लेकर सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी लगातार कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो गारंटी दी थी, वह पूरी हो रही है। हमारी पार्टी के प्रत्याशियों की घोषणा पहले से हो गई थी, इसलिए तय कार्यक्रम अनुसार काम हो रहा है। हेलीपेड में स्वागत के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, महामंत्री अविनाश दुबे, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय साहू, प्रतीक चौबे आदि मौजूद थे।

# चर्रा में पेयजल समस्या गहराई



- बोर खनन कर स्थल पर विद्युत मोटर एवं ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुरूद के ग्राम चर्रा में पेयजल की समस्या से ग्रामीण परेशान है। गांव में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण हो गया है, लेकिन मोटर पंप चलाने के लिए विद्युत व्यवस्था नहीं होने से मिशन का कार्य आधा अधूरा है। चर्रा सरपंच ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पेयजल व्यवस्था कराने की मांग की है।

चर्रा सरपंच द्वारा कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन का विस्तार, पानी टंकी का निर्माण हो चुका है। कोकड़ी से बानगर जाने वाले मार्ग पर विभाग द्वारा बोर खनन किया गया है, लेकिन चर्रा तक पानी आपूर्ति के लिए बोर स्थल के पास विद्युत मीटर तथा ट्रांसफार्मर लगाने की आवश्यकता है। सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत चर्रा ने विद्युत मीटर लगाने का मांग पत्र पीएचई विभाग से विद्युत विभाग कुरूद में जमा कर दिया है लेकिन विद्युत विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने गांव में पेयजल व्यवस्था शीघ्र कराने की मांग की है।

### रूद्री रोड में वाहनों की गति कम करने स्टापर रखकर बनाया गया जिग जेग

# ब्लैक स्पाट में दुर्घटनाओं में कमी लाने यातायात पुलिस ने दिखाई गंभीरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रूद्री रोड में वाहनों की तेज गति के कारण अक्सर सड़क दुर्घटना होती थी। हादसों में कमी लाने यातायात पुलिस ने चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य स्थान पर स्टापर रख मार्ग को जिग जेग बनाया है।

नेशनल हाईवे से गंगरेल पहुंचने रूद्री रोड मुख्य मार्ग है। वहीं इसी मार्ग पर जिला मुख्यालय न्यायालय सहित दर्जनों शासकीय विभाग व अनेक कालोनी है जिसके कारण अंबेडकर चौक से लेकर गोकुलपुर कर्मा चौक, जनपद पंचायत से लेकर रूद्री तक इस मार्ग में हमेशा वाहनों का दबाव बना रहता है। वाहनों की तेज गति के कारण इस मार्ग में अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। विशेषकर सुमीत बाजार व पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसों में राहगीर घायल हो चुके हैं। हादसों को देखते हुए उक्त क्षेत्र को ब्लैक स्पाट के रूप में चिन्हांकित किया गया। दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए यातायात पुलिस ने इस मार्ग पर वाहनों की गति को नियंत्रित करने दुर्घटनाजन्य स्थान पर बीते वर्ष दिसंबर माह में स्टापर रख हादसों में कमी लाने का प्रयास किया था। कुछ दिनों के बाद सड़क पर रखे स्टापर को कुछ लोगों द्वारा किनारे कर दिया गया था। यातायात पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए उक्त ब्लैक स्पाट पर स्टापर रख मार्ग को जिग जेग बना दिया। जिग जेग बनने से इस मार्ग में गुजरने वाले वाहनों की गति में लगाम लगी है। वहीं सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी देखी जा रही है।



पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### मेरी मां कर्मा फिल्म के जिला स्टार प्रचारक बने बलराम



**जीजामगांव।** साहू समाज की आराध्य देवी संत माता कर्मा के जीवन पर आधारित "मेरी मां कर्मा" हिंदी धार्मिक फिल्म का प्रचार-प्रसार करने कुरुद विखं के हथबंद निवासी बलराम साहू को जिला स्टार प्रचारक का दायित्व दिया गया है। ज्ञात हो कि बलराम साहू समाजसेवी होने के साथ देश प्रेम, सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। मेरी मां कर्मा हिन्दी धार्मिक फिल्म के प्रोड्यूसर द्वय डीएन साहू, यूके साहू, नारायणलाल साहू छग प्रभारी, छग सह प्रभारी गुरुशरण साहू ने गुलाब सिंह राष्ट्रीय प्रभारी भारत की अनुशंसा पर बलराम को इस पद पर मनोनीत किया है। यह फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज होगी।

### पूर्व सैनिकों ने निभाया शहीद के भाई का फर्ज

**धमतरी।** आज से चार साल पहले चाइना बॉर्डर की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ आमने सामने की लड़ाई में गिधाली चारामा का जवान गणेश कुंजाम शहीद हो गया था। गणेश की बहन की शादी में शामिल होकर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने भाई का फर्ज निभाया और एक भाई की कमी को पूरा किया। शहीद की बहन की शादी में धमतरी सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से 50 से अधिक सैनिक पूर्व सैनिक पहुंचे थे। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष केपी साहू, संरक्षक मुरारी लाल साहू, सचिव अशोक कुमार वर्मा, संयोजक आरके साहू, मार्गदर्शक टिकेश कुमार साहू, अजय नामदेव, मीरा साहू सहित कई पूर्व सैनिक शामिल हुए।

### ब्राम्हण समाज ने खेली फूलों व रंगों की होली

**धमतरी।** किले के श्रीराम मंदिर में तहसील ब्राम्हण समाज, युवा मंच, महिला मंच द्वारा रंगपंचमी पर फूलों एवं रंगों की होली खेली गई। विद्वत परिषद के पंडितों ने भगवान परशुराम की पूजा- अर्चना के पश्चात रंग-गुलाल व फूलों से एक-दूसरे का स्वागत किया। कार्यक्रम में समाज के डॉ. अनंत दीक्षित, भूपेन्द्र मिश्रा, विद्याशंकर दीवान, विनोद पांडे, महेश शास्त्री, होमन शास्त्री, गिरीश चौबे, शशि शर्मा, प्रदीप शर्मा, शुभांक मिश्रा, दीपक पांडे, आशुतोष शर्मा, राजकुमारी तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, सविता पांडे, रेखा तिवारी थे।

## निधन

### दिलीप सिंह होरा

**धमतरी।** राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष, स्टेशन रोड रायपुर गुरुद्वारा के पूर्व अध्यक्ष स. दिलीप सिंह होरा का आकस्मिक निधन 1 अप्रैल को हो गया है। वे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं धमतरी के पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा के छोटे भाई थे। उनकी अंत्येष्टि आज 2 अप्रैल को प्रातः 10 बजे देवेंद्र नगर स्थित मुक्तिधाम में संपन्न होगी।



**जमकर उड़ाया गुलाल : देश का नेतृत्व फिर से मोदी को देने का लिया संकल्प**

# भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया रंग पंचमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

इस वर्ष भी भाजपा महिला मोर्चा कुरूद विधानसभा द्वारा होली मिलन कार्यक्रम भाजपा कार्यालय कुरुद में रंग पंचमी पर आयोजित किया गया। इस बार अवध में श्री रामलला विराजमान होने पर रामोत्सव होली मनाई गई।

रविवार को आयोजित रंग पंचमी महोत्सव की मुख्य अतिथि प्रतिभा अजय चन्द्राकर थीं। अध्यक्षता भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा कुरूद विधानसभा प्रभारी ज्योति चन्द्राकर ने की। कार्यक्रम में कुरूद मंडल, भखारा मंडल, सिर्री मंडल, मेघा मंडल से भाजपा की मातृ शक्तियों ने होली मिलन के रंगीन पर्व पर जमकर गुलाल उड़ाते हुए ख़ुशियां बांटी। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी ने प्रधानमंत्री मोदी को सर्वाधिक बहुमत दिला देश का नेतृत्व फिर उन्हें सौंपने बूथ स्तर तक जाकर कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की पदाधिकारी रश्मि साहू, गीतेश्वरी साहू, नंदिनी साहू, दुर्गा साहू, संध्या साहू, भूमिका सिन्हा, लक्ष्मी रेड्डी, भारती बैस, चित्रलेखा टंडन, कमिथला साहू, विधा शर्मा, ममता साहू, मीनाक्षी साहू, नेमिन सिन्हा, यमुना कंवर, तृप्ति चन्द्राकर, प्रीति अग्रवाल, तुमेश्वरी ध्रुव, विधा देवांगन, पद्मा ठाकुर, शीतल नागर्ची, शैल चन्द्राकर, उषा सोनकर, अनीता चन्द्राकर, इन्द्राणी बंसोड़, गीता साहू, सुलोचना चन्द्राकर, अन्नपूर्णा ध्रुव, ममता यादव, नर्मदा साहू, मेनका साहू, अंजु यादव, लोकमती धीवर, ललिता ध्रुव, हीरा ध्रुव, रत्ना सारथी, देवकुमारी साहू, कोमेश्वरी चन्द्राकर, रंभा साहू, पिंकी यादव, लता साहू उपस्थित थीं।



### हमारे नेतृत्वकर्ता के उद्देश्यों को पूरा करना है

महिला मोर्चा को संबोधित करते हुए ज्योति चन्द्राकर ने कहा कि इस बार जो राम को लाये हैं,हमें उन्हें फिर से लाने का समय आ गया है। मोदी की गारंटी एवं विष्णु के सुशासन में प्रदेश में मातृ शक्तियों को आगे बढ़ाने के लिए महतारी वंदन योजना के माध्यम से सबल किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में तन, मन, धन के साथ बहनों को चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना है। हमारे नेतृत्वकर्ता नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधायक अजय चन्द्राकर के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं के माध्यम से सबकी सेवा के उद्देश्य को पूरा करना है।

# 93 वाहनों की हुई जांच, जीपीएस सिस्टम भी लगाया

- स्वास्थ्य शिविर में 100 चालक-परिचालकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देशन में ज़िला परिवहन कार्यालय भोयना में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु परिवहन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 93 वाहनों के फिटनेस की जांच की गई। साथ ही इन वाहनों में जीपीएस भी लगाया गया।

कलेक्टर के निर्देश पर लगभग 100 चालक-परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। वाहनों की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने 1 अप्रैल को भी उक्त शिविर निर्धारित स्थल में लगाने के निर्देश दिए हैं।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी वाहन डॉ कल्पना ध्रुव, सहायक नोडल अधिकारी डीसी भारती, जिला परिवहन अधिकारी अब्दुल मुजाहिद खान के अलावा अन्य अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।







### जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्थैतिक निगरानी दल गठित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अत्यधिक प्रचार खर्चों, नकद या वस्तु के रूप में वितरण, अवैध हथियारों, गोला-बारूद, मदिरा, असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया है। यह दल जिले के सीमावर्ती जिलों के मध्य समन्वय करते हुए संयुक्त रूप से कार्य करेगा। उन्होंने निर्देशित किया है कि जिले के संबंधित स्थैतिक निगरानी दल के नोडल अधिकारी सीमावर्ती जिले के नोडल अधिकारियों से सामंजस्य करते हुए कार्य सम्पादन करेंगे।

# लावण्या नवोदय विद्यालय के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला सेमरा बी में अध्ययनरत कक्षा पांचवीं की छात्रा कुमारी लावण्या पिता रामचंद्र महिपाल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। छात्रा का शाला परिवार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक उमेश चंद्राकर, केदार ध्रुव, संध्या साहू, प्रधानपाठक अरुण कुमार चंद्राकर, संकुल समन्वयक समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे। बताया जाता है कि छात्रा शुरू से ही होशियार थीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेती थीं। उनके शिक्षक अतिरिक्त समय देकर अभ्यास कराते थे। इसी का परिणाम है कि उसे सफलता मिली।

# रंजना ने अस्पताल में भर्ती पूर्व पार्षद का कुशलक्षेम जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शीतलापारा वार्ड निवासी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व पूर्व पार्षद वेदराम मारकंडे बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत वार्ड में झंडा लगाते समय पैर फिसलने से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी जानकारी होने पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू अस्पताल पहुंची और पूर्व पार्षद कुशलक्षेम जाना साथ ही उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।



# अक्षत पुष्प गिराकर आशीष देती हैं भुरसी मावली माता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिहावा(नगरी)

वैसे तो सिहावा क्षेत्र आदिकाल से ऋषि मुनियों तथा देवी देवताओं के गढ़ के नाम से भी प्रसिद्ध है। महर्षि श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि व महानदी के उद्गम स्थल में विराजित हैं। मां भुरसी मावली सिहावा में विराजमान हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त अपने दुख लेकर माता के पास जाते हैं, मां अवश्य ही उनके कष्टों का निवारण करती हैं।

कहा जाता है कि माता भुरसी मावली अक्षत व पुष्प भक्तों को आशीष के रूप में आशीर्वाद देती हैं। कुछ दिनों पूर्व माता का मंदिर झोपड़ीनुमा आकार में था पर माताजी पर आस्था और विश्वास पाने वाले लोगों के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है। 3 अप्रैल को पूरे विधि-वधान पूर्वक मंदिर का वास्तु पूजन एवं उद्घाटन कार्यक्रम रखा गया है। इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का निवेदन ग्राम पटेल व पांचोपारा सिहावा निवासियों ने किया है।

### भुरसी मावली माता के भव्य मंदिर का शुभारंभ कल





# महार समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रविवार को नयापारा वार्ड में छत्तीसगढ़ महार समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एक-दूसरे पर रंग-गुलाल होली मनाई गई। बैठक में 14 अप्रैल को लिमतरा के सामाजिक भवन में कुलदेवता नारायण देवजी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। साथ ही कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। इस अवसर पर चन्द्रभान मेश्राम संरक्षक, श्रवण मेश्राम परगना अध्यक्ष, मिलाप मेश्राम उपाध्यक्ष परगना, हरि पावरिया सचिव, सोमेश मेश्राम, गोपाल पवार कोषाध्यक्ष, रामेश्वर संदेश वाहक, हेजराम गजभीम, अरविंद मेश्रा, प्रकाश रायपुरिया, रामलाल, तुलसी मेश्राम समेत अन्य स्वजातीय बंधु उपस्थित थे। धमतरी परगना अध्यक्ष श्रवण मेश्राम ने सामाजिक बंधुओं से लिमतरा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

**धमतरी।** एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना धमतरी (ग्रामीण) सेक्टर धमतरी की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का के निर्देश एवं पर्यवेक्षक श्रीमती उषा किरण चन्द्राकर के मार्गदर्शन में महिला एवं पुरूषों ने ग्राम मुजगहन में मंदिरपारा, गांधी चौक से होते हुए पीपरपारा तक मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं से निष्पक्ष मतदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक श्रीमती उषाकिरण चन्द्राकर ने कहा कि मतदान महत्वपूर्ण है। यह सरकार चुनने का एक तरीका है मतदान मौलिक अधिकार होने के साथ लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के पास महिलाओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

# होली गीतों पर जमकर थिरका महिला मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरी राज के महिला मंडल व युवा मंडल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। समाज के लोगों ने एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर खुशियां बांटी। महिला मंडल की सदस्य होली गीतों पर जमकर थिरकी।

मौके पर धमतरी राज अध्यक्ष सगुन पटेल, संरक्षक अशोक पटेल, नगर अध्यक्ष भूषण पटेल, धमतरी राज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रोशन पटेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश पटेल, सचिव कोमल पटेल, बबला पटेल महिला मंडल संरक्षक चन्द्रकला पटेल, धमतरीराज उपाध्यक्ष विमला पटेल, सचिव पद्मनी पटेल, जानकी पटेल, सीमा पटेल, सतरूपा पटेल, ललिता पटेल, कमलेश पटेल, जगदीश पटेल, महेंद्र पटेल समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। यह जानकारी धमतरी राज मीडिया प्रभारी दिलीप पटेल ने दी है।



**Pride of Dhamtari**



मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
- हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
- राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।

संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग,स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

| डॉ करण सराफ | डॉ अक्षय वैद | डॉ आशु जैन |
|---|---|---|
| MD,DM Nephrologist किडनी रोग विशेषज्ञ 02 अप्रैल 2024 मंगलवार | MS,MCh, Neurosurgeon ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ 05 अप्रैल 2024 शुक्रवार | MS,MCh, Neurosurgeon ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ 12 अप्रैल 2024 शुक्रवार |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-83770, नगरी - 77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

भोयना के ईंट भट्ठे में कार्यरत 300 श्रमिक हुए शामिल

# श्रमिकों को किया मतदान के लिए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले का हर वर्ग अपने-अपने स्तर पर लोकसभा चुनाव के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान हेतु लोगों को जागरूक कर रहा है। इसी कड़ी में श्रम विभाग के तहत जिले में अर्जुनी स्थित पीबीएस ऑयल मिल और ग्राम भोयना स्थित ईंट भट्ठे में कार्यरत 300 से अधिक श्रमिकों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान नारे एवं स्लोगन भी प्रदर्शित किये गये।

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इन संस्थानों में आसपास के गांवों से आए श्रमिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करते हुए अपील की गई कि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को लोकतंत्र के पर्व में अवश्य भाग लेने कहें। साथ ही मतदान के लिए श्रमिकों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं सहित मतदान के दिन अवकाश एवं वेतन नहीं काटे जाने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में श्रम कल्याण अधिकारी सत्यनारायण अनंत एवं श्रम निरीक्षक जगदीश नेटी सहित संस्थान के संचालक एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने निकाली रैली मतदान का संदेश दिया

**कांकेर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह एवं स्वीप जिला नोडल जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल के दिशा निर्देश पर 1 अप्रैल को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर की छात्राओं ने रैली निकालकर मतदान के लिए शहरवासियों से आग्रह किया। सबसे पहले छात्रों को शपथ दिलवाकर अपने माता-पिता भाई बहन एवं परिवार के सहित समाज के सभी लोगों को जागरूक करने के लिए संकल्प लिया और साथ ही रैली निकाल कर मतदान करेगा कांकेर, जागरूक रहेगा कांकेर के नारों के साथ सहित शहर के मोहल्लों में भ्रमण किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य, जिला संगठन आयुक्त स्काउट वाजिद खान, जिला क्रीड़ा अधिकारी आबिद खान एवं डॉ. मंजू शर्मा का सहयोग रहा।

### यादव ठेठवार समाज का दो दिनी अधिवेशन 6 व 7 को

**चारामा।** यादव ठेठवार समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 6 और 7 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। कांकेर ठेठवार समाज के महासचिव गणेश यदु ने बताया की यह अधिवेशन ग्राम कोरर यादव समाजिक भवन में संपन्न होगा। इस वार्षिक अधिवेशन में बस्तर संभाग के सभी यादव ठेठवर समाज के सदस्य उपस्थित होंगे। दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य समाजिक एकता और उत्थान हैं। इस सभा के प्रथम दिवस में महिला प्रकोष्ठ का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ यादवों के इष्ट देव भगवन कृष्ण के पूजा अर्चना से होगा एवं जिला कांकेर के महिला प्रकोष्ठ का पुनर्गठन व निर्वाचन किया जाएगा। समाजिक प्रकरणों का निराकरण और विमर्श किया जाएगा साथ ही युवा प्रकोष्ठ का निर्वाचन कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

डोंगरडुला में आयोजित साहू समाज के महाअधिवेशन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# साहू समाज प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है : साय





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

नगरी तहसील साहू समाज का वार्षिक महाअधिवेशन परसापानी परिक्षेत्र के ग्राम डोंगरडुला में रखा गया। इस अवसर पर भव्य कलशयात्रा निकाली गई जो भक्ति माता कर्मा, राजीव लोचन, दानवीर भामाशाह के जयकारों के साथ साहूपारा होते हुए गांव की गलियों का भ्रमण किया। प्रथम सोपान के मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय थे। अध्यक्षता पुनीत राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा ने की। विशेष अतिथि अंबिका मरकाम विधायक, सहदेवराम साहू , डोमार सिंह साहू, भुवनेश्वर प्रसाद साहू ,धनीराम साहू ,फुलेश्वरी साहू सरपंच डोंगरडुला, डॉक्टर बीएस साहू थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना की। उन्होंने साहू समाज के लोगों को परिश्रमी बताते हुए कहा कि प्रदेश में साहू समाज की विशिष्ट पहचान है। यह समाज अपने सामर्थ्य से निरंतर प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि साहू समाज की एक अलग ही पहचान है।

द्वितीय सोपान के मुख्य अतिथि अवनेंद्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी थे। अध्यक्षता पुनीत राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा ने की। विशेष अतिथि कामता प्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज भखारा, गजेन्द्र साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज विश्रामपुरी, रोहित कुमार साहू अध्यक्ष साहू समाज धमतरी, केकती साहू अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ धमतरी थे। सभी ने अपने-अपने उद्बोधन में समाज की एकता और संगठन, संस्कार पर चर्चा की। मौके पर परसापानी सचिव सुभाषचंद्र साहू, उपाध्यक्ष अनराज साहू, कौशलदेवी साहू, कोषाध्यक्ष सखाराम साहू,सहसचिव पेमन साहू, लवकुमार साहू, अंकेक्षक टिकेश्वर साहू, काजूराम साहू, बलदेवराम साहू, पेमन साहू संचालक मंडल अध्यक्ष बृजलाल साहू, सचिव भारत लाल साहू, मीडिया प्रभारी नारद साहू युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनिरूद्ध साहू, अरुण किरण साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सुलोचना देवी साहू, सचिव कमला देवी साहू, क्षेत्रीय अध्यक्ष सीता देवी साहू समेत नौ परिक्षेत्रीय अध्यक्ष और 80 गांव से आए समाजजन उपस्थित थे।

## कोसरिया यादव महासभा का वार्षिक अधिवेशन 4 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ पाली पदाधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

ग्राम मुजगहन में छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव महासभा धमतरीराज के तत्वावधान में होली मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम के पूर्व महासभा अध्यक्ष बलराम यादव शकरवारा, सभापति गुहाराम यादव आमदी, संरक्षक आशाराम यादव, रामकुमार यादव सारंगपुरी, नारायणसिंह यादव पुरी के साथ समाजजनों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। अध्यक्ष बलराम यादव ने आगामी 4 मई को आयोजित दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन पर चर्चा की। श्री यादव ने वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन करने 11 पालियों के वरिष्ठ पदाधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए कार्यभार दिया। वार्षिक अधिवेशन में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक का संचालन करते हुए रामकुमार यादव ने महिलाओं से कलश शोभायात्रा में पीली वस्त्र धारण कर आने का आग्रह किया। अंत में सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई।




## जिला देवांगन समाज के चुनाव में 13 प्रत्याशी मैदान में



**धमतरी।** जिला देवांगन समाज के त्रिवर्षीय कार्यकाल के लिए कुल 13 प्रत्याशी मैदान में है। इससे पूर्व 16 प्रत्याशियों ने विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद हेतु नामांकन दाखिल किया था। प्रमुख समिति के अध्यक्ष पद के लिए लखन देवांगन , अछोटा भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष पद हेतु दीपक देवांगन धमतरी एवं कुशल देवांगन सोरिद वार्ड ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। इस प्रकार अब 13 प्रत्याशियों में मुकाबला होगा। कुल 836 मतदाता 7 अप्रैल को ग्राम बिजनापुरी में मतदान करेंगे। यह जानकारी प्रमुख चुनाव अधिकारी रामगोपाल देवांगन, सहायक चुनाव अधिकारी डॉ. जयलाल देवांगन, केएल देवांगन, मोहित देवांगन, रामचंद देवांगन, गणेशराम देवांगन, मन्नूलाल देवांगन, भागवत देवांगन ने दी है।

## ग्राम चिल्हाटी में कच्ची शराब जब्त, दो कोचिए गिरफ्तार

**कांकेर।** जिले के कोरर व नरहरपुर थाना क्षेत्र में कच्ची शराब बनाकर बेचने वाले दो शराब कोचियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। दोनो कोचिया के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

कोरर पुलिस को ग्राम चिल्हाटी आवासपारा निवासी महेन्द्र कुमार निर्मलकर अपने घर के सामने प्लास्टिक जरकीन में देशी महुआ शराब को बिक्री करने के लिए ग्राहक की तालाश कर रहा है। कोरर पुलिस ने जानकारी की तस्दी करने के उपरांत बताए गए स्थल पर 31 मार्च को दोपहर लगभग 12 बजें घेराबंदी किया। एक व्यक्ति सफेद रंग के 5 लीटर वाला प्लास्टिक जरकीन को पकड़कर बैठा था। नाम पता पूछने पर अपना नाम 44 वर्षीय महेन्द्र कुमार निर्मलकर पिता जयलाल निर्मलकर बताया। तलाशी लिए जाने पर आरोपी के कब्जे से मिली जरकीन में 2.3 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 230 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। नरहरपुर पुलिस ने 31 मार्च की शाम पौने 8 बजें आरोपी पुसावंड निवासी 30 वर्षीय शिवराम कुंजाम पिता फुलसिंह कुंजाम हाल कोर्रामपारा शोरीपारा थाना नरहरपुर निवासी कब्जे से एक सफेद कलर का 10 लीटर वाली जरकीन में साढ़े 4 लीटर हाथ भट्‌टी से बनी हुई महुआ शराब को रखकर बिक्री करने के लिए अपने कब्जे में रखा था, जिसे जप्त कर धारा 34(1) (क) आबकारी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## दीवार लेखन, रंगोली, मेहंदी सजाकर आंबा कार्यकर्ता कर रहीं मतदान के लिए प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी तथा सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव में मार्गदर्शन में जिले में स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं द्वारा जहां रंगोली, मेहंदी सजाकर और रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है वहीं स्वीप गतिविधियों की दिशा में एक और कदम बढ़ाकर आकर्षक और रोचक तरीके से गांवों की दीवारों पर मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन और नारे के जरिए आगामी 26 अप्रैल को अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने प्रेरित कर रही हैं।



## वाणिज्य परिषद में हुई पोस्टर मेकिंग तथा रंगोली प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बीसीएस पीजी महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. अमरसिंह साहू, प्रो. निरंजन कुमार, प्रो. भीखम साहू, प्रो. कुशल चोपड़ा, प्रो. भीषण साहू, डा. कामिनी सिन्हा उपस्थित थे। रंगोली प्रतियोगिता में 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम साक्षी देवांगन एवं दमयंती रावटे, द्वितीय भूमिका साहू तथा कुसुम देवांगन एवं तृतीय रिया जैन एवं युक्ति निर्मलकर रही।

निर्णायक प्रो. जयश्री पंचांगम, डा. कामिनी सिन्हा एवं प्रो. भीषम साहू थे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 11 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम चांदनी देवांगन, द्वितीय छाया देवांगन एवं तृतीय सोनम पटेल रही। इस कार्यक्रम के निर्णायक प्रो. कुशल चोपड़ा, प्रो.भीखम साहू एवं डा. कामिनी सिन्हा रहे।

कार्यक्रम में वाणिज्य परिषद के अध्यक्ष अमन नाग, उपाध्यक्ष पूजा कश्यप, सचिव प्रीति साहू, कोषाध्यक्ष यज्ञांश पटेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी कृवेश मारकंडे एवं स्मृति साहू, भाविका शिंदे, तनवीर पटेल, तामेश रामटेके, टेमन सिन्हा, खुशबू नेताम, भावना देवांगन सहित वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों का सहयोग रहा।



## शराब का परिवहन करते युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ 61 पौवा अवैध शराब के साथ स्कूटी जब्त

अवैध रूप से बिक्री करने शराब का परिवहन कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर स्कूटी जब्त की है। कोतवाली पुलिस शहर की पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान मुखबीर से अवैध रूप से शराब परिवहन करने की जानकारी मिली। सूचना पर कोतवाली व साइबर सेल की टीम ने तत्काल नया बस स्टैंड के पीछे छापामार कार्रवाई की। इस दौरान बासुदेव गायकवाड़ अपनी स्कूटी में बिक्री के लिए शराब का परिवहन कर रहा था। पुलिस ने युवक को रोककर तलाशी ली। युवक के कब्जे से प्लास्टिक की बोरी से 61 पौवा अवैध शराब कीमत 4 हजार 880 रुपए बरामद की गई।



वहीं परिवहन में उपयोग कर रहे स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एएन 0735 कीमत 60 हजार सहित नकदी 3 हजार 810 रुपए को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी बासुदेव गायकवाड़ पिता नंदकुमार उम्र 25 वर्ष ग्राम तेलीनसत्ती थाना अर्जुनी निवासी के खिलाफ आबकारी एक्ट 34/2 के तहत कार्रवाई की है।

भाजपा का शक्ति प्रदर्शन आज, सीएम का भी होगा रोड शो

# भाजपा प्रत्याशी नाग आज दाखिल करेंगे नामांकन, सीएम की होगी सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग 2 अप्रैल को शुभ मुर्हूत में नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा का शक्ति प्रदर्शन दिखेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उप मुख्यमंत्री द्वय विजय शर्मा, अरुण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप रोड शो में शामिल होंगे और नए बस स्टैंड में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। भाजपाईयों ने नए बस स्टैंड में सभा के लिए चल रही तैयारी का जायजा लिया।

भाजपा के जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने बताया कि आठों विधानसभा में पहुँचने वाले भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पुराने कम्युनिटी हॉल में एकत्र होंगे और उसके उपरांत रोड शो कांकेर शहर के मुख्य मार्ग से निकलेगा। कलेक्टोरेट मार्ग से भाजपा प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने कलेक्टोरेट जाएंगे वहीं रोड शो में शामिल भाजपा कार्यकर्ता नए बस स्टैंड परिसर में आयोजित सभा में शरीक होंगे। शहर के पुराने कम्युनिटी हाल से नामांकन रैली निकलेगी जो मुख्य सड़क से होते हुए शहर के नए बस स्टैंड पहुंचेगी। भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग की नामांकन रैली ऐतिहासिक व भव्य होगी, जिसमें लोकसभा क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ता, सिरहा, बैगा, गुनिया, गायता, पुजारी, आम जनता शामिल होंगे। आमजनता ने कांकेर लोकसभा में भाजपा को पहले ही जिताने का मन बना लिया है। इस बार कांकेर लोकसभा में भाजपा की जीत ऐतिहासिक होगी। सभा स्थल का जायजा लेने के लिए भाजपा के जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल अपनी टीम के साथ 1 अप्रैल को सभा स्थल नए बस स्टैंड पहुँचे और सभा स्थल की तैयारी का जायजा लिया। कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने भी भाजपा नेताओं से कई विंदुओ की जानकारी लेकर सुरक्षा का इंतजाम करने की रणनीति तैयार किया।

आयोजित नामांकन रैली में लोकसभा क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर, सह प्रभारी विक्रम उसेंडी, यशवंत जैन, लोकसभा प्रभारी अभिषेक सिंह, सह प्रभारी संतोष बाफना, लोकसभा सांसद मोहन मंडावी, लोकसभा संयोजक भरत मटियारा, सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, चारों जिला के जिलाध्यक्ष सहित कांकेर लोकसभा कोर कमेटी, चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य कांकेर लोकसभा के आठो विधानसभा के कोर कमेटी व चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।



ST. MARY'S E.M.SR.SEC.SCHOOL
C.B.S.E. DHAMTARI C.G.
WALK IN INTERVIEW

| SN. | SUBJECT | QUALIFICATION | MEDIUM |
|---|---|---|---|
| 01 | Mathematics | M.Sc, B.Ed | English |
| 02 | Science | M.Sc, B.Ed | English |
| 03 | English | M.A., B.Ed | English |
| 04 | Library | M.Lib | English |
| 05 | Pre-Primary | B.A, B.Ed | English |

Bring along with you, your original certificates on 09.04.2024 from 10:00am to 01:00pm

Date - 09.04.2024
Time - 10:00 am to 01:00 pm
Venue - St. Mary's E.M. School DHAMTARI

Manager/Principal
St. Mary's English Medium School
DHAMTARI C.G.

## खबर संक्षेप

### केतन का नवोदय में चयन



**अंवरी।** आर्यावर्त विद्या निकेतन स्कूल सेमरा (बी) में अध्ययनरत छात्र केतन कुमार निषाद का नवोदय में चयन हुआ है। उनके चयन पर पालक समिति अध्यक्ष मिथिलेश सार्वा, स्कूल संचालक योगेंद्र मार्कण्डेय, प्रधानपाठिका श्रीमती टंडन, शिक्षक टीआर साहू, शिक्षिका ऋतु साहू सहित विद्यालय स्टाफ व स्कूली बच्चों ने हर्ष जताया है।

### जोरातराई स्कूल की छात्रा का नवोदय में चयन

**कुरुद।** शासकीय प्राथमिक शाला जोरातराई (सिलौटी) की छात्रा कोमल साहू पिता स्व. अमरूद साहू का चयन कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। छात्रा प्रधानपाठक सुदामाराम साहू के मार्गदर्शन में प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही थी। छात्रा के चयन पर सरपंच सविता गंजीर, चोवाराम, दयालु राम, यीशु साहू, भानु साहू, लोकनाथ साहू, विनोद साहू, दयानंद साहू, छबिलाल साहू, श्रीमती भूआर्य, हुलेश साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।



### बारना स्कूल के दो बच्चों का नवोदय में चयन





**कुरुद।** नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए शासकीय प्राथमिक शाला मरारपारा बारना से पुष्पांजलि साहू पिता अरूण कुमार साहू एवं पूर्वांश राज साहू पिता बृजमोहन साहू का चयन हुआ है। बता दें कि प्राथमिक शाला मरारपारा बारना एकल शिक्षकीय शाला है, बावजूद यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि पर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती झामिन साहू, शाला की प्रधानपाठिका श्रीमती उमा निर्मलकर, संकुल समन्वयक परशुराम प्रजापति ,शिक्षक नीरज साहू, हीरालाल साहू, सत्यवान साहू, डोमन साहू ने हर्ष जताया है।

### हिमांशु का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

**नगरी।** यूनिक रीड इंग्लिश मीडियम स्कूल बेलरगांव में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हिमांशु मन्नाडे का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। हिमांशु शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है।



पढ़ाई सहित सभी गतिविधियों में उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन रहता है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि से विद्यालय के साथ परिवार, गांव का नाम गौरवान्वित किया है। वे राकेश-अनामिका के पुत्र हैं। इस अवसर पर स्कूल संचालक दिव्यांश चोपड़ा, गोपाल सिंह सेमराई एवं शाला परिवार ने छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### घटुला के ग्रामीणों की शिकायत पर पीएचई ने की कार्रवाई

# टुल्लू पंप लगाकर पानी खींचने वालों पर कार्रवाई, 12 टूल्लू पंप किए जब्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले में जल के दुरूपयोग करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिये। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में पीएचई के मैदानी अमले ने सरकारी नल में टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींचने वालों पर कार्रवाई कर 12 टूल्लू पंप को जब्त किया है।

बता दें कि नगरी विकासखंड के ग्राम घटुला के ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि कुछ घरों में टूल्लूपंप की सहायता से पानी की चोरी की जा रही है, जिसके कारण उनके घरों में पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रहा है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई।

#### 368 शिकायतों में से 218 का निराकरण

उल्लेखनीय है कि जिला स्तर पर स्थापित पेयजल कंट्रोल रूम में 15 मार्च से अब तक प्राप्त 368 शिकायतों में से 218 का निराकरण कर लिया गया है। इनमें धमतरी विकासखंड में प्राप्त 95 शिकायतों में से 72 निराकृत, कुरूद विकासखंड में प्राप्त 94 शिकायतों में से 39, मगरलोड में प्राप्त 72 शिकायतों में से 23 और नगरी विकासखंड में प्राप्त 106 शिकायतों में से 84 का निराकरण कर लिया गया है।

#### जल का करें सदुपयोग

कलेक्टर नम्रता गांधी ने कहा कि सभी जीवों के लिए पानी सबसे आवश्यक है। जिले के जलस्त्रोतों में पानी की कमी होने से ऐसे में हमें पानी को बचाने के लिए पर्याप्त प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जितनी जरूरत है, उतना ही पानी इस्तेमाल करें। व्यर्थ में पानी बर्बाद न करें, क्योंकि पानी पर हमारे आने वाली पीढ़ी का भी अधिकार है।

#### कंट्रोल रूम स्थापित

कलेक्टर सुश्री गांधी के निर्देश पर जिला स्तर पर पेयजल की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। डिप्टी कलेक्टर प्रीति दुर्गम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करने के लिये कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

## ग्रामीणों को दी न्याय गारंटी योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कांग्रेसियों ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। विधायक ओंकार साहू के नेतृत्व में कांग्रेसी धमतरी विधानसभा के अंतिम छोर डुबान के ग्राम मोंगरागहन, कोडेगांव, भिड़ावर, बारगरी पंहुचे। यहां के लोगो से मिले और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कांग्रेस की न्याय गारंटी योजनाओं के बारे में बताया। कृषि क्षेत्र में सही दाम, कर्ज माफी आयोग, बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर, सही आयात निर्यात खेती, जीएसटी मुक्त खेती, श्रमिक न्याय, नारी न्याय, युवा न्याय, हिस्सेदारी न्याय के अलावा कांग्रेस की भूपेश सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए किए गए कार्यों से आम जनता को अवगत कराते हुए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में एवं केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाने जनता से अपील की गई। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम साहू, जोन कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तानाजी राव रणसिंह, प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव अम्बिका सिन्हा, सरपंच दिलीप ठाकुर, सेक्टर अध्यक्ष सन्तोष ध्रुव, हरीश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग झेरिया यादव समाज मंडल पोटियाडीह की गत दिनों कार्यकारिणी बैठक हुई।

ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र यादव, सचिव केदार यादव, मंडल अध्यक्ष संजय यादव की अध्यक्षता में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसके बाद पोटियाडीह मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण हुआ।

मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय यादव, सचिव विक्रम यादव, उपाध्यक्ष गैंदलाल, कोषाध्यक्ष होमन यादव, सहसचिव सुकाल यादव, संरक्षक यदुराम यादव, संगठन मंत्री दुर्गाप्रसाद यादव, कार्यकारिणी सदस्य मानक, संतोष, सितंबर यादव, तीजू यादव, दूज यादव उपस्थित थे।

### जल विभाग अध्यक्ष ने किया सफाई कार्य का निरीक्षण

## वैज्ञानिक पद्धति से शहर के ओवरहेड टैंकों की सफाई शुरू

■ छह अप्रैल तक चलेगी मुहिम, पहले दिन इतवारी बाजार के दोनों टैंक की सफाई की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने नगर निगम द्वारा शहर के सभी विशाल ओवरहेड टैंकों की सफाई समय-समय पर कराई जाती है। इसी तारतम्य में महापौर, सभापति , आयुक्त और जल विभाग अध्यक्ष के निर्देश पर एक अप्रैल से शहर के सभी विशाल ओवरहेड टैंकों की सफाई वैज्ञानिक पद्धति से शुरू की गई। दोपहर तक इतवारी बाजार जलघर के दोनों विशाल ओवर हेड टैंकों का सफाई कार्य पूर्ण हुआ। निगम जल विभाग अध्यक्ष अवैश हाशमी ने सफाई कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारी कर्मचारियों की कार्यशैली की प्रसंशा की। आज गायत्री मंदिर के पास एवं सोरिद वार्ड के विशाल ओवरहेड टैंक की सफाई होगी। तीन अप्रैल को सेंचुरी गार्डन के पास एवं बठेना वार्ड के विशाल ओवरहेड टैंक और चार अप्रैल को जालमपुर और गोकुलपुर वार्ड के विशाल ओवरहेड टैंक एवं पांच अप्रैल को महिमासागर वार्ड के विशाल ओवरहेड टैंक और छह अप्रैल को फिल्टर प्लांट की सफाई होगी। श्री हाशमी ने बताया कि विभाग की हरसंभव कोशिश रहेगी कि जहां-जहां जिस दिन विशाल ओवरहेड टैंक की सफाई होगी वहां पेयजल की समस्या न हो। उसी दिन शाम को कुछ समय के लिए पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। टैंकरों से भी पेयजल सप्लाई की जाएगी।

## शोकाकुल परिवार से मिले विधायक ओंकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद/धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने ग्राम कुरमातराई के कांग्रेस कार्यकर्ता सुरेश कुमार साहू के पिता सुधू राम साहू के निधन पर गहरा शोक प्रकट कर शोकाकुल परिवार को हर सुख-दुख में खड़ा रहने का ढांढस बंधाया। इससे पहले पूर्व विधायक हर्षद मेहता ने स्व. साहू की पृष्ठभूमि से विधायक ओंकार को अवगत करा सुरेश साहू को गांव के विकास के लिए हमेशा अग्रणी रहने वाला कार्यकर्ता बताया। उन्होंने बताया कि स्व. सुधुराम गायत्री परिवार से जुड़कर सात्विक जीवन जीने वाले व सबके लिए दयाभाव रखने वाले इंसान रहे। इस अवसर पर प्रेमबती साहू, रेखा बाई, खुशबू, दिव्या समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## उड़ेना स्कूल से हुमेंद्र का नवोदय में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



उड़ेना में उड़ान का दौर अब देखने को मिल रहा है। प्रधानपाठक कौशल कुमार पटेल के मार्गदर्शन में सहायक शिक्षक मनोज कुमार साहू व विष्णुप्रसाद हिरवानी अतिरिक्त कक्षा का संचालित कर छात्रों को नवोदय की तैयारी करा रहे थे। छात्रों और शिक्षकों की मेहनत रंग लाई। इस बार हुमेंद्र दीवान का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती रूक्मणि निर्मलकर, शांति दीवान, भोजलाल साहू, रूपराम साहू, पवन नवरंगे, जितेंद्र जांगड़े, ग्राम पटेल ताजेन्द्र चन्द्राकर, सरपंच श्रीमती नेहा सदानंद साहू, उपसरपंच खम्भनलाल साहू, लालाराम, हेमंत साहू, विष्णु चन्द्राकर, तुकेश्वरी साहू, पेमिन कंवर, शिक्षक-शिक्षिकाएं पवन देवदास, केशव राम सिन्हा, मोनिका दीवान, विष्णुप्रसाद हिरवानी, नेहा हिंदुजा, भगवती पटेल, उर्मिला पाटिल, भागबली जोशी, लोमप्रकाश सोनवानी, विकासखंड अधिकारी अमित तिवारी, बीआरसी ललित सिन्हा, डाइट व्याख्याता श्री ध्रुव, डीके साहू ने प्रसन्नता जाहिर की है।

## सतनामी समाज के कपिल जिलाध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र बने

■ गुरु बालकदास भवन जोधापुर में निर्विरोध निर्वाचित हुए पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



गुरु बालकदास भवन जोधापुर में सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष धमतरी ग्रामीण का चुनाव हुआ। जिलाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों गंगाराम देशलहरे, चोवाराम ढीढी व कपिल देशलहरे ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। लोकतांत्रिक प्रकिया से निर्वाचन हुआ। सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के पद पर कपिल देशलहरे एवं ब्लाक अध्यक्ष धमतरी (ग्रामीण) के पद पर राजेंद्र भारती को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। जिला संचालक मंडल में इतवारी गावस्कर, लोकेश लहरे, नरेश बघेल, रामेश्वर कुर्रे, चंद्रप्रकाश लहरे व फग्गू लहरे व कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ. सुरेंद्र कुर्रे, विजय सोनवानी, मनोज टंडन, डेरहाराम जोशी, मोहन जांगड़े, भुवन गायकवाड़, गंगाराम देशलहरे, मणिकांत, चंद्रबंजारे, चोवाराम ढीढी, राजेश रात्रे, प्रेमकुमार टंडन, शिव कोसरे, नरेश कुमार डिगरे, महिला जिला प्रकोष्ठ से लक्ष्मी धृतलहरे का चयन किया गया।

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि सतनामी समाज के गौरव को पुनर्स्थापित करने, समाज को उच्च आयाम तक ले जाने, गुरु बालकदास द्वारा प्रतिपादित व संचालित समाज में भंडारी, साटीदार, अठगंवा, ब्लॉक स्तरीय समाज प्रमुखों का गठन करने, समाज के उत्थान पर कार्य किया जायेगा। सामाजिक चिंतकों, बुद्धिजीवियों के मार्गदर्शन में आदर्श सतनामी समाज की परिकल्पना को साकार किया जायेगा। ब्लाक अध्यक्ष धमतरी ग्रामीण राजेंद्र भारती ने सामाजिक सौहार्द्र, सामाजिक, सांस्कृतिक व नैतिक विकास पर बल दिया गया। समाज के थिंक टैंक डॉ. सुरेंद्र कुर्रे ने समाज की विरासत को अक्षुण्ण रखने, गुरुवादी परंपरा का निर्वहन करने, सतनामियों में सतनामियत के भाव का बीजारोपण करने तथा बाबा के आदर्शों पर चलने की प्रतिबद्धता पर बल दिया। कार्यक्रम में विजय सोनवानी ने आभार व्यक्त किया।

## राहगीरों की प्यास बुझाने आमापारा में खुला प्याऊघर

**धमतरी।** शहर में स्थल झांकी के लिए प्रसिद्ध बाल कला मंदिर द्वारा पिछले 55 वर्षों से आमापारा चौक में गणेश उत्सव का आयोजन करते आ रहा है। अध्यक्ष बिसेसर पटेल, प्रकाश शर्मा के साथ ही इस संस्था से जुड़े हुए लोग सामाजिक सरोकारों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को समय-समय पर आगे बढ़ाते हैं जिसमें वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी, पिंकी पटेल का पूरा सहयोग प्राप्त होता है। वर्तमान में भीषण गर्मी के चलते तापमान 40 डिग्री से ऊपर चला गया है जिसमें राहगीरों को पीने की पानी की समस्या न हो इसलिए अनेक वर्षों की तरह इस वर्ष भी आमापारा चौक पर प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बिसेसर पटेल, प्रकाश शर्मा, पार्षद विजय मोटवानी, पिंकी यादव, देवनारायण यादव, विजय पटेल, शरद पटेल, मीना नाग, मंजू यादव, शकुन यादव, राम्हीन यादव, पूरन नाग, अमर जसवानी, मुक्कू, अमित खटवानी, सुंदर नाग, ईश्वर उपस्थित थे।




## बांसपानी स्कूल में आठवीं के छात्रों को दी विदाई

**नगरी।** माध्यमिक शाला बांसपानी की प्रधानपाठिका श्रीमती लक्ष्मी सार्वा के मार्गदर्शन में छठवीं सातवीं के बच्चों द्वारा आठवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। सातवीं के छात्र देवेंद्र कुमार ने मंच संचालन किया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सरस्वती माता का पूजा-अर्चना की।

संस्कार इंग्लिश मीडियम स्कूल, सम्बलपुर, धमतरी (छ.ग.)
पोस्ट-सम्बलपुर, जिला-धमतरी (छ.ग.) 493773 मो.नं. 6263197955
// आवश्यकता है //

| क्र. | पद | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | ड्रायवर | 02 | 8वीं / 10वीं |

टीप - 1. इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 10 अप्रैल 2024 को अपना संपूर्ण दस्तावेज, दो पासपोर्ट फोटो के साथ विद्यालय में इंटरव्यू के लिए उपस्थित हो। (समय : प्रात: 11 से 3 बजे तक)। 2. वेतन योग्यतानुसार




## गणेश चौक के पास लोगों को मिलेगा रोजाना मठा




**धमतरी।** मां अंगारमोती गोधाम ट्रस्ट समिति तुमाबुजुर्ग द्वारा गणेश चौक में मठा केंद्र प्रारंभ किया गया है। प्रति गिलास 10 रुपए सेवा राशि ली जा रही थी। गौशाला समिति के ट्रस्टी दीपक मित्तल ने अब अपने माता- पिता की स्मृति में अगले तीन माह सभी को निःशुल्क मठा पिलाए जाने का बीड़ा उठाया है। समिति ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए उनके पिता स्व. पुरूषोत्तम अग्रवाल एवं मां स्व. श्रीमती आशा देवी अग्रवाल की स्मृति में निःशुल्क वितरण प्रारंभ कर दिया है। प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे तक यह सेवा गणेश चौक स्थित वन्देमातरम स्कूल के बाजू उपलब्ध रहेगी।







